दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO :- CHHHIN/2018/76480 || Email :- nyaysakshi@gmail.com || रायगढ़, शनिवार 5 जनवरी 2019 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-01, अंक-97

## राम मंदिर विवाद पर 10 जनवरी को 3 जजों की स्पेशल बेंच करेगी सुनवाई

### जजों के नाम का ऐलान 6 या 7 जनवरी को

नई दिल्ली (आरएनएस)। सुप्रीम कोर्ट में राम जन्म भूमि-बाबरी मस्जिद विवाद में दायर अपीलों पर अब सुनवाई दस जनवरी को होगी और यह सुनवाई तीन न्यायाधीशों की नई खंडपीठ करेगी। 6 या 7 जनवरी को इस बेंच में शामिल जजों के नाम का ऐलान कर दिया जाएगा। जस्टिस दीपक मिश्रा के रिटायर होने के बाद इस मामले में सुनवाई के लिए कोई विशेष पीठ नहीं थी। सीजेआई ने कहा कि इस मामले की सुनवाई के लिए एक रेग्युलर बेंच बनेगी, जो 10 जनवरी को इस मामले में आगे के आदेश पारित करेगी। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट ने वकील हरिनाथ राम की तरफ से दाखिल की गई उस पीआईएल को भी खारिज कर दिया है, जिसमें अयोध्या विवाद की रोजाना सुनवाई की मांग की गई थी। सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान इस कदर भीड़ थी कि पैर रखने की भी जगह नहीं थी। सीजेआई के सामने जब मामला आया तो उन्होंने कुछ ही सेकंड में 10 जनवरी को सुनवाई की बात कही।



अब तीन जजों की बेंच का गठन होगा। चीफ जस्टिस एडमिनिस्ट्रेटिव साइड में बेंच का गठन करते हैं। पहले अयोध्या मामले की सुनवाई तत्कालीन चीफ जस्टिस दीपक मिश्रा की अगुवाई वाली तीन जजों की बेंच कर रही थी, जस्टिस दीपक मिश्रा के रिटायरमेंट के बाद यह मामला मौजूदा चीफ जस्टिस की अगुवाई वाली बेंच के सामने लिस्ट हुआ था। रिटायरमेंट से पहले चीफ जस्टिस दीपक मिश्रा की अगुवाई वाली बेंच ने एक अहम फैसले में कहा था कि मामला जमीन विवाद का है और मामले को संवैधानिक बेंच रेफर करने से मना कर दिया था। बता दें कि सर्वोच्च अदालत ने पिछले साल 29 अक्टूबर को कहा था कि यह मामला जनवरी के प्रथम सप्ताह में उचित पीठ के समक्ष सूचीबद्ध होगा, जो इसकी सुनवाई का कार्यक्रम निर्धारित करेगी। इसके बाद 12 नवंबर को सुप्रीम कोर्ट के वकील हरिनाथ राम ने एक पीआईएल दाखिल करते हुए सर्वोच्च न्यायालय से मांग की थी कि इस मामले की सुनवाई जल्द से जल्द हो। याचिकाकर्ता ने कहा था कि यह करोड़ों हिंदुओं की मान्यता से जुड़ा मामला है। राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद विवाद पिछले कई दशकों से अटका हुआ है। सुप्रीम कोर्ट ने मामले की जल्दी सुनवाई से इनकार कर दिया था।

गौरतलब है कि इस हफ्ते ही पीएम मोदी ने कहा था कि राम मंदिर के संबंध में अध्यादेश लाया जाए या नहीं, इस पर फैसला कानूनी प्रक्रिया पूरी होने के बाद लिया जाएगा। उन्होंने कांग्रेस के नेताओं पर इस मामले में कानूनी प्रक्रिया को धीमा करने का आरोप लगाया था। पीएम मोदी ने कहा था, हमने अपने घोषणापत्र में कहा है कि राम मंदिर का समाधान संविधान की पृष्ठभूमि में खोजा जाएगा। सर्वोच्च अदालत ने पिछले साल 29 अक्टूबर को कहा था कि यह मामला जनवरी के प्रथम सप्ताह में उचित पीठ के समक्ष सूचीबद्ध होगा, जो इसकी सुनवाई का कार्यक्रम निर्धारित करेगी। बाद में अखिल भारत हिंदू महासभा ने अर्जी दायर कर सुनवाई की तारीख पहले करने का अनुरोध किया था, जिससे कोर्ट ने इनकार कर दिया था। हिंदू महासभा इस मामले में मूल वादियों में से एक एम. सिद्दीक के वारिसों द्वारा दायर अपील में एक प्रतिवादी है।

## अगले महीने चंद्रयान-2 के लॉन्च की तैयारियों में जुटा इसरो



हैदराबाद (आरएनएस)। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) अगले महीने दूसरे चंद्र मिशन चंद्रयान-2 का प्रक्षेपण किए जाने तैयारियों में में लगा हुआ है। इसरो के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि इस मिशन को फरवरी में लॉन्च करने की कोशिश हो रही है। सूत्रों के मुताबिक, अगले महीने चंद्रयान-2 के लॉन्च की संभावना है लेकिन अभी तक कोई तारीख नहीं तय हो पाई है। इसरो के एक अधिकारी ने कहा कि मिशन के लिए काम सही तरह से हो रहा है और कोई बाधा नहीं है। बता दें कि चंद्रयान-2 पूरी तरह से स्वदेशी उपक्रम है, जिसमें एक ऑर्बिटर, एक लैंडर और एक रोवर होगा। इसरो के अनुसार लैंडर चंद्रमा की सतह पर एक निश्चित स्थान पर उतरेगा और वहां एक रोवर तैनात करेगा। छह पहियों वाला रोवर धरती से मिलने वाले दिशा-निर्देशों के हिसाब से चंद्रमा की सतह पर लैंडर के उतरने के स्थान के इर्द-गिर्द घूमेगा।

**रोवर में लगे उपकरण धरती पर भेजेंगे जानकारी**

यह भी बताया गया है कि रोवर में लगे उपकरण चंद्रमा की सतह का अध्ययन करेंगे और संबंधित जानकारी वापस भेजेंगे। यह जानकारी चंद्रमा की मिट्टी के विश्लेषण के लिए लाभकारी होगी। वहीं, 3290 किलोग्राम वजनी चंद्रयान-2 चंद्रमा की कक्षा में चक्कर लगाएगा और दूरस्थ संवेदी अध्ययन करेगा। इसरो ने कहा कि उपकरण चंद्र स्थल की आकृति, खनिज तत्व प्रचुरता, चंद्रमा के बाहरी मंडल और हाइड्रोक्सिल और जल-हिम का अध्ययन करेंगे।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### सिलेंडर फटने से इमारत ढही, 7 की मौत, कई घायल

नई दिल्ली (आरएनएस)। राजधानी के पश्चिमी दिल्ली के मोती नगर में रसोई गैस सिलेंडर में विस्फोट होने से गुरुवार रात एक इमारत के कुछ हिस्से गिर गए। इस हादसे में एक बच्चे सहित 7 लोगों की मौत हो गयी तथा कई अन्य घायल हो गए। पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) मोनिका भारद्वाज ने कहा, पश्चिम दिल्ली के सुदर्शन पार्क में गुरुवार रात रसोई गैस सिलेंडर में विस्फोट हुआ। इस दुर्घटना में छह लोगों की मौत हो गयी तथा आठ लोगों को बाहर निकालकर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह हादसा एक दो मंजिला इमारत में हुआ। जिस इमारत में यह विस्फोट हुआ उसमें सीलिंग फैन पर पेंट करने का काम होता था। राहत एवं बचाव कार्य जारी है।

### डा. महंत छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष निर्वाचित

रायपुर (आरएनएस)। डा. चरणदास महंत छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष निर्वाचित किए गए। सदन की औपचारिकता के बाद आज वे अध्यक्ष की आसंदी पर आसीन हो गए। डा. महंत ने कल ही अध्यक्ष पद के लिए विधानसभा सचिवालय में अपना नामांकन जमा कर दिया था। उनके निर्वाचन के दौरान आज प्रमुख विपक्षी दल भाजपा के सदस्य सदन में मौजूद नहीं थे। इस दौरान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, नेता प्रतिपक्ष धरमजीत सिंह ने उन्हें बधाई दी। अन्य सदस्यों ने भी डा. महंत को अध्यक्ष बनने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। डा. महंत के नामांकन पत्र लेने के साथ ही यह तय हो गया था कि वे निर्विरोध अध्यक्ष चुने जाएंगे। आज विधानसभा के शीतकालीन सत्र के प्रथम दिवस प्रोटेम स्पीकर ने सभी नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं भी दी है। इस शीत सत्र में सत्ता पक्ष की ओर से अनुपूरक बजट प्रस्तुत किया जाना है।

### सड़क निर्माण में लगे ट्रेक्टर को नक्सलियों ने किया आग के हवाले

बीजापुर (आरएनएस)। जिले के अंतिम छोर व तेलंगाना राज्य की सीमा पर स्थित पामेड़ क्षेत्र में नक्सलियों ने निर्माण कार्य मे लगे एक ब्लेड ट्रेक्टर को आग के हवाले कर दिया है वही चालक को जान से मारने की धमकी भी दिये जाने की खबर है । जिले का सबसे संवेदनशील और पहुंच विहीन थाना पामेड़ क्षेत्र में सड़क निर्माण का कार्य प्रशासन द्वारा प्रारम्भ किया गया है, किन्तु नक्सली पहले से ही सड़क पुल पुलिया निर्माण कार्य का विरोध करते आ रहे है । पामेड़ से धर्माराम की बीच सड़क निर्माण का कार्य चल रहा है इसी दौरान गुरुवार शाम को अचानक नक्सलियों ने इस कार्य मे लगे ब्लेड ट्रेक्टर को आग के हवाले कर दिया वही चालक को दुबारा काम नही करने की चेतावनी देते हुए जान से मारने की धमकी देकर वहां से चले गए ।

### शपथ ग्रहण में गायब रहे भाजपा के सभी 15 सदस्य

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ विधानसभा सत्र के प्रथम दिवस नवनिर्वाचित विधायकों के शपथ ग्रहण के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह के साथ ही भाजपा के सभी 15 विधायक सदन से अनुपस्थित रहे। विधानसभा में आज जब नवनिर्वाचित विधायकों को शपथ दिलाया जा रहा था, ऐसे मौके पर भारतीय जनता पार्टी के 15 सदस्य सदन से गायब रहे। पूर्व मुख्यमंत्री डा. रमन सिंह के साथ ही चुना जीतने वाले अन्य भाजपा विधायक सदन में नजर नहीं आए। इस पर संसदीय मंत्री व वरिष्ठ सदस्य रविन्द्र चौबे ने चुटकी लेते हुए कहा कि, आज क्या बात है कि भाजपा के सभी सदस्य सदन से गायब हो गए हैं? इस पर विधायकों की हंसी फूट पड़ी। हालांकि प्रोटेम स्पीकर और विधानसभा सचिव ने इस पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया और सदन में नवनिर्वाचित विधायकों का शपथ निरंतर चलता रहा।

## कांग्रेस के सभी मुद्दों को सुप्रीम कोर्ट ने कर दिया साफ

### राफेल मुद्दे पर राज्यसभा में बोली सुषमा

नई दिल्ली (आरएनएस)। विदेश मंत्री सुषमा स्वराज ने बृहस्पतिवार को राज्यसभा में कहा कि राफेल विमान सौदे पर कांग्रेस द्वारा उठाए गए सभी मुद्दों को उच्चतम न्यायालय ने स्पष्ट कर दिया है। वहीं उन्होंने कहा कि इस संबंध में कोई विवाद नहीं है, विवाद सिर्फ कांग्रेस नेताओं के मन में है।

सुषमा स्वराज ने राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूरक सवालों के जवाब में यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि राफेल मामले में उच्चतम न्यायालय ने सभी मुद्दों को स्पष्ट कर दिया है। उनके जवाब से असंतोष जताते हुए कांग्रेस सदस्यों ने सदन से वाकआउट किया। अपने पूरक सवाल में कांग्रेस नेता आनंद शर्मा ने सरकार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पूर्व फ्रांसीसी राष्ट्रपति ओलांद के बीच हुयी बैठक का ब्यौरा (मिनट) सार्वजनिक करने की मांग की ताकि इससे जुड़े विवाद का हल हो। सुषमा ने इस पर कहा कि कोई विवाद नहीं है। विवाद सिर्फकांग्रेस नेताओं के मन में है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस द्वारा उठाए गए सभी मुद्दों को उच्चतम न्यायालय ने स्पष्ट कर दिया है। उन्होंने कहा कि पूरा देश जानता है कि कोई विवाद नहीं है। शिवसेना सदस्य ने सवाल किया कि हाल ही में फ्रांसीसी विदेश मंत्री ली द्रियां की हालिया यात्रा के दौरान क्या राफेल मुद्दे पर कोई बातचीत हुयी थी। इसके जवाब में सुषमा ने कहा कि इस संबंध में कोई बातचीत नहीं हुयी है। उन्होंने कहा कि उसी दिन उच्चतम न्यायालय का फैसला आया था और इससे फ्रांसीसी मंत्री काफी खुश थे। उन्होंने एक अन्य पूरक सवाल के जवाब में कहा कि जैतापुर परमाणु संयंत्र के संबंध में फ्रांस से समझौता हुआ है। इसमें छह इकाइयां बनेंगी और हर इकाई की क्षमता 1650 मेगावाट होगी।



## अजय माकन ने दिल्ली प्रदेश कांग्रेस प्रमुख के पद से इस्तीफा दिया



नई दिल्ली (आरएनएस)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अजय माकन ने पार्टी की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष पद से शुक्रवार को स्वास्थ्य संबंधी कारणों का हवाला देते हुए इस्तीफा दे दिया। इसकी जानकारी पार्टी सूत्रों ने दी। उन्होंने बताया कि कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी, दिल्ली में पार्टी मामलों के प्रभारी पी. सी. चाको और माकन के बीच गुरुवार को बैठक हुई थी। गांधी ने माकन का इस्तीफा मंजूर कर लिया है।

## 55 लोगों से भरी नाव महानदी में पलटी, नौ की मौत

### ओडिशा में बड़ा हादसा



केन्द्रपाडा (आरएनएस)। ओडिशा में नाव डूब जाने से सात नाबालिग और दो महिलाओं समेत नौ लोगों की डूबने से मौत हो गई। यह दुर्घटना बुधवार रात उस समय हुई, जब नाव में सवार लोग हकीटोला से पारादीप की ओर पिकनिक मनाने जा रहे थे। जम्बू समुद्री पुलिस थाने के तहत बाटिघर के निपोनिया गांव के पास यह दुर्घटना घटी। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन बल (एनडीआरएफ), ओडिशा आपदा प्रबंधन बल (ओडीआरएफ) और दमकल अधिकारियों ने अभी तक आठ शव बाहर निकाल लिए हैं और एक वर्ष के बच्चे का अभी तक पता नहीं चल पाया है। बच्चे के शव को ढूंढ़ने के प्रयास जारी हैं।महाकालापाड़ा वन रेंज के प्रभारी विजय कुमार परिदा ने कहा कि कुजंगा ब्लॉक के मंगराजपुर जीपी के तहत हसीना गांव के करीब 55 लोग एक स्वचालित नाव में सवार होकर नये वर्ष का जश्न मनाने के लिए हकीटोला आए थे। पिकनिक मनाकर लौटते समय यह दुर्घटना घटी। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोग जल्द बचाव अभियान में जुट गये और स्थानीय लोगों की मदद से 35 से अधिक लोगों को नदी के किनारे लाया गया। नौ लोग अभी भी लापता है। जम्बू समुद्री पुलिसकर्मी घटनास्थल पर पहुंचे और तलाश अभियान शुरू किया गया।

## बुलंदशहर हिंसा का मुख्य आरोपी योगेश राज गिरफ्तार



बुलंदशहर (आरएनएस)। यूपी के बुलंदशहर हिंसा के मुख्य आरोपी योगेश राज को आखिरकार पुलिस ने ठीक 31 दिन बाद गिरफ्तार कर लिया है। बता दें कि बजरंग दल का जिला संयोजक योगेश राज घटना वाले दिन से ही फरार था। योगेश की गिरफ्तारी पुलिस के लिए चुनौती बन गई थी। योगेश पर हिंसा भड़काने का आरोप है।

योगेश राज को देर रात बुलंदशहर की बीबीनगर पुलिस ने गिरफ्तार किया था। योगेश खुर्जा से बुलंदशहर आते समय ब्रह्मानन्द कॉलेज के पास से पकड़ा गया। इससे पहले योगेश राज की गिरफ्तारी में हो रही देरी को लेकर यूपी पुलिस पर सवाल उठ रहे थे। यह भी कहा जा रहा था कि पुलिस योगेश राज को क्लीन चिट देने की तैयारी कर रही थी। इससे पहले पुलिस ने इंस्पेक्टर सुबोध कुमार सिंह की हत्या के मामले में प्रशांत नट और कलुआ को गिरफ्तार किया था, लेकिन पुलिस द्वारा दर्ज कराई गई एफआईआर में आरोपी नंबर एक योगेश राज था।

**अब तक 31 आरोपियों की गिरफ्तारी**

योगेश के अलावा बीजेवाईएम का पूर्व स्याना नगर अध्यक्ष शिखर अग्रवाल भी मामले में आरोपी है, जिसे कोर्ट से 30 दिन की सुरक्षा मिली हुई है। पुलिस का कहना है कि प्रोटेक्शन पूरी होते ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। दोनों ने हिंसा के बाद विडियो के जरिए खुद को बेगुनाह बताया था। उनकी विडियो क्लिप काफी सर्कुलेट हुई थी। बताया जा रहा है एसएसपी दोपहर तक प्रेस कॉन्फ्रेंस करके खुलासा कर सकते हैं। पुलिस अब तक बुलंदशहर हिंसा के 31 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है।

बता दें कि 3 दिसंबर को बुलंदशहर में कथित गोकशी को लेकर हिंसा भड़की थी, जिसमें इंस्पेक्टर सुबोध कुमार सिंह समेत 2 लोगों की मौत हो गई थी।

## कांग्रेस ने सिख दंगे के आरोपी को दिया सीएम पद का पुरस्कार

### गुरदासपुर रैली में बोले पीएम मोदी

गुरदासपुर (आरएनएस)। पंजाब के गुरदासपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को सिख दंगों का जिक्र कर कांग्रेस पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि साढ़े तीन दशक से दंगों के पीड़ित न्याय का इंतजार कर रहे हैं। जिन लोगों का इतिहास हजारों सिख भाई-बहनों की बेरहमी से हत्या का हो और जो लोग आज भी दंगे के आरोपियों को मुख्यमंत्री पद का पुरस्कार दे रहे हों, उन लोगों से पंजाब समेत देशवासियों को सतर्क रहने की जरूरत है। प्रधानमंत्री धन्यवाद रैली में पीएम ने जहां करतारपुर कॉरिडोर बनाने के फैसले पर अपनी सरकार का बखान किया, वहीं 1984 के सिख दंगों के नाम पर कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधा।



पीएम ने कहा कि देश उन लोगों से सतर्क रहे जिनका इतिहास राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे में डालने वाला है। वहीं, सिख दंगों की जांच को लेकर पीएम ने कहा कि पहले देश में एक राजनीतिक पार्टी के इशारे पर आरोपियों को सज्जन बताकर फाइलें दबा दी जाती थीं लेकिन वर्तमान की एनडीए सरकार ने सत्ता में आते ही जांच के लिए एसआईटी का गठन कराया और इसका परिणाम आज सबके सामने है।

**कर्जमाफी के नाम पर कांग्रेस की आलोचना**

कांग्रेस पर झूठ और धोखाधड़ी की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए पीएम ने कहा कि कांग्रेस को वर्षों से मांग थी कि स्वामीनाथन समिति की सिफारिशें लागू की जाएं, लेकिन कांग्रेस ने इसे लागू नहीं किया। बाद में एनडीए की सरकार ने इसे लागू किया और किसानों को समर्थन मूल्य का डेढ़ गुना धन समर्थन मूल्य के रूप में दिया। पीएम ने कहा कि जो लोग दशकों तक न्यूनतम समर्थन मूल्य पर फैसला टालते रहे, वह अब फिर किसानों से झूठे वादे कर रहे हैं।

**कांग्रेस ने गिने-चुने लोगों का कर्ज माफ किया: पीएम**

पीएम ने आगे कहा कि कांग्रेस ने 2009 में किसानों से झूठा वादा किया और किसानों ने सब जानकर भी कांग्रेस पार्टी पर भरोसा कर लिया।

## सीबीआई में खाली पड़े पदों को भरने में देरी

### संसदीय समिति ने जताई चिंता

नई दिल्ली(आरएनएस)। संसद की एक समिति ने सीबीआई में खाली पड़े पदों को लेकर चिंता जताई और सरकार से इस दिशा में सक्रियता से कदम उठाने को कहा है। संसदीय समिति ने फॉरेंसिक साइंस-सीबीआई में अंतरराष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र की धीमी गति पर भी नाराजगी जताई जिसे अभी गृह मंत्रालय से मंजूरी नहीं मिली है। भाजपा के राज्यसभा सदस्य भूपेंद्र यादव की अध्यक्षता वाली समिति ने संसद में प्रस्तुत अपनी एक रिपोर्ट में यह बात कही गई। रिपोर्ट में कहा गया है कि सीबीआई में विभिन्न स्तरों पर कर्मियों की कमी की समस्या हमेशा रहती है। समिति ने कई मौकों पर इस पर अपनी चिंता जाहिर की है। किसी भी संस्थान में काफी हद तक खाली पड़े पदों का पूर्वानुमान लगाया जा सकता है और समय पर रिक्तियों को भरने के लिए आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने के लिए सक्रियता से प्रयास किये जाने चाहिए।



समिति ने उम्मीद जताई कि भर्ती नियमों के अनुपालन में देरी की वजह से समय पर खाली पदों को भरने में देरी नहीं होगी। रिपोर्ट ने कहा कि नियमों पर पुनर्विचार किया जा सकता है ताकि देरी को कम किया जा सके। इसके लिए समिति दोहराती है कि सरकार को पहले ही खाली पदों को भरने के लिए सक्रियता से कदम उठाने चाहिए, ताकि सीबीआई जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में स्टाफकी कमी नहीं रहे जिससे निश्चित रूप से इसकी कार्यक्षमता पर असर पड़ेगा।

## याचिका पर 7 जनवरी को सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट

### भाजपा की रथ यात्रा मामला

नई दिल्ली (आरएनएस)। उच्चतम न्यायालय पश्चिम बंगाल में भाजपा को रथयात्रा की अनुमति नहीं देने के कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफपार्टी की याचिका पर सात जनवरी को सुनवाई करने पर बृहस्पतिवार को सहमत हो गया।

प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई और न्यायमूर्ति एस के कौल की पीठ के समक्ष मामले की तत्काल सुनवाई का जिक्र किया गया था। पीठ ने सात जनवरी को इस पर सुनवाई के लिए सहमति व्यक्त की। पार्टी की राज्य इकाई ने 'लोकतंत्र बचाओ रैली' निकालने की अनुमति लेने के लिए उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। यह रैली वर्ष 2019 आम चुनाव से पहले राज्य के 42 संसदीय क्षेत्रों से होकर निकाली जाएगी।